अमर उजाला 18/11/2025

# आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाने पर दिया जोर



कार्यक्रम के दौरान जानकारी देतीं कॉलेज फैकल्टी सदस्य। कॉलेज

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक में क्षमता-विकास आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इसमे आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक क्षमताओं, संचार कौशल और आत्मविश्वास को सुव्यवस्थित और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में कॉलेज फैकल्टी डॉ. गीता कौशिक, प्रोफेसर योगिता वर्मा, प्रोफेसर कमलप्रीत कौर, डॉ. दिशा अरोड़ा और प्रोफेसर शिवानी सोनी ने ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी ऐसे सामुदायिक उन्मुख कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कॉलेज में साहित्य, संस्कृति और समाज विषय पर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। नीदरलैंड से प्रवासी साहित्यकार अश्विनी केगांवकर और सिंगापुर से साहित्यकार आराधना झा श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ताओं के रूप में विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान डॉ. रितू गुप्ता, सह संयोजक डॉ. कमलेश मौजूद रहे। संवाद